# मुख्यमंत्री ने 201 करोड़ 64 लाख के 209 विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया

## मुख्यमंत्री ने सिहावल विधानसभा क्षेत्र में लगाई सौगातों की झड़ी, प्रदेश में 12 जनवरी से 31 मार्च तक चलेगा जनकल्याण अभियान

नवभारत न्यूज

**सीधी 9 जनवरी। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने सीधी जिले के सिहावल विधानसभा क्षेत्र के बहरी में आयोजित विशाल जनसभा में कहा कि सीधी जिले में विकास के सभी कार्य कराये जायेगें। अब सीधी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेगा। सीधी और सिहावल के लोगों के प्रेम ने मेरा दिल जीत लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिहावल विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी सभी मांगे पूरी की जायेगी। देवसर में पूर्णकालिक अपर कलेक्टर कोर्ट खुलेगा, बहरी में अगले शिक्षा सत्र से महाविद्यालय खुलेगा। सिहावल कालेज में विज्ञान और वाणिज्य संकाय को मंजूरी दी जाती है।**

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि सीधी और सिहावल मेंरे हदय में बसा हुआ है। आज अपार जनसमूह से जो स्नेह मिल रहा है वह हमेशा याद रहेगा। हम किसानों को हर साल 12 हजार रूपये किसान सम्मान निधि तथा लाडली बहना हितग्राहियों को हर साल 18 हजार रूपये दे रहे हैं। भाई तो बहन को केवल राखी मे उपहार देते हैं हमारी सरकार हर महीने बहनों को 1500 रूपये दे रही है। अब लाडली बहना हितग्राहियों को आर्थिक उन्नति का अवसर देने के लिए उद्योगों में अवसर देगी, जिससे बहनों को हर महीने कम से कम 5 हजार रूपये की आय हो। हमारी सरकार ने अब तक बहनों को लाडली बहना योजना के माध्यम से 50 हजार करोड़ रूपये वितरित किये हैं। प्रदेश में विकास के कार्य तेजी से किये जा रहे हैं। नदी जोड़ो परियोजना से 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मिलेगी। हम पांच साल में एक करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा देंगे। कोदो कुटकी तथा अन्य श्री अन्न का समर्थन मूल्य पर उपार्जन करने के साथ किसानों को बोनस देंगें। गेंहू उपार्जन में भी किसानों को बोनस दिया जायेगा। हम प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में स्टेडियम और हेलीपेड का निर्माण करायेगें।







मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एयर एम्बुलेंस सेवा से सरकार गरीब रोगियों को बड़े अस्पतालों में पहुंचाने के लिए नि:शुल्क हेलीकाप्टर और हवाई जहाज की सुविधा दे रही है। सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने वाले को राहवीर योजना से 25 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। प्रधानमंत्री जी की पहल पर दुर्घटना पीड़ित को शीघ्र ही 1.5 लाख रूपये तक की उपचार सहायता नि:शुल्क मिलेगी। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन करके बेटियों का सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा हितग्राहियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री का बहरी पहुंचने पर परम्परागत आदिवासी शैला और गुदुम नृत्य से स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कार्यक्रम में 201 करोड़ 64 लाख रुपये के 209 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने 68 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 179 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 133 करोड़ 62 लाख रुपये लागत के 30 विकास कार्यों का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव एक बगिया मां के नाम योजना में 505 हितग्राहियों को 11 करोड़ 58 लाख रूपये की राशि से लाभान्वित किया।

### सौगातों पर एक नजर

* मुख्यमंत्री ने देवसर में एडीएम कोर्ट तथा बहरी में कालेज खोलने की घोषणा की
* गोपद नदी में दो स्थानों पर पुल और महान नदी में बनेगा रपटा
* चुरहट से चितरंगी तक 129 करोड़ रूपये लागत से बनेगी 2 लेन सड़क
* मुख्यमंत्री ने सरौधा, पोखरा, जुड़वार तथा हर्रविरान में पीएचसी खोलने की घोषणा की
* मुख्यमंत्री ने 12 हाईस्कूलों के उन्नयन की घोषणा की
* हनुमना सीतापुर लिफ्ट एरिगेशन परियोजना से सिहावल के गांव भी होंगे सिंचित

### मुख्यमंत्री ने की बहरी में कॉलेज खोलने की घोषणा

मुख्यमंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहरी के सिविल अस्पताल में उन्नयन तथा ग्राम सरौधा, पोखरा, जुड़वार और हर्रविरान में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने जेठुला से खुरमुचा रोड तथा लौआर से बिछरी रोड पर गोपद नदी में पुल बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सोनगढ़ रोड में महान नदी पर रपटा बनाने की भी घोषणा की।

### भोपाल से सिंगरौली तक विंध्य एक्सप्रेस-वे का होगा निर्माण

मुख्यमंत्री ने कहा कि हनुमना सीतापुर लिफ्ट एरिगेशन परियोजना से सिहावल क्षेत्र के गांव में भी सिंचाई के लिए पानी दिया जायेगा। चुरहट से चितरंगी के लिए 2 लेन सड़क निर्माण किया जायेगा। इसके लिए 129 करोड़ रूपये मंजूर किये जाते है। हमारी सरकार किसानों और गरीबों के कल्याण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। प्रदेश में स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी से 31 मार्च तक जनकल्याण अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में अधिकारी शिविर लगाकर शासन की विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों से आवेदन पत्र भरवाकर योजनाओं का लाभ देंगे। सीधी जिले में टाईगर रिजर्व तथा कई पर्यटन स्थल हैं शीघ्र ही भोपाल से सिंगरौली तक विंध्य एक्सप्रेस वे का निर्माण होगा। जिसका लाभ सीधी जिले को भी मिलेगा।

### सीधी में लगाये जाएं महुआ व कटहल प्रसंस्करण उद्योग : डॉ.राजेश

समारोह में सांसद सीधी डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि सीधी जिले में महुआ और कटहल का बड़ी मात्रा में उत्पादन होता है इनके प्रसंस्करण के उद्योग लगाये जायें। सिंगरौली से सरई ब्यौहारी होते हुए कटनी तक 2 लेन सड़क का निर्माण किया जाये तथा सीधी में ट्रांसफार्मर डिपो स्थापित किया जाये।

### मुख्यमंत्री ने विकास का मार्ग किया प्रशस्त : विश्वामित्र

समारोह में विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि आज सिहावल विधानसभा क्षेत्र के लिए बहुत हर्ष का दिन है। मुख्यमंत्री जी ने सिहावल को विकास कार्यों की सौगाते देकर विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। श्री पाठक ने क्षेत्र के विकास से जुड़ी विभिन्न मांगे रखी।


### समारोह में इनकी रही उपस्थिति

समारोह में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुटीर एवं ग्रामोद्योग तथा जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल, ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह, विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम, विधायक देवसर राजेन्द्र मेश्राम, विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू रामजी सिंह, पूर्व विधायक चुरहट शरदेन्दु तिवारी, पूर्व विधायक रामलल्लू वैश, पार्टी पदाधिकारी राजेश पाण्डेय, कांतदेव सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष देवकुमार सिंह चौहान, अजय पाठक तथा हजारो आमजन उपस्थित रहें। समारोह में रीवा संभाग के कमिश्नर बी.एस.जामोद, आईजी गौरव राजपूत, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, अपर कलेक्टर बी.पी. पाण्डेय, एएसपी अरविन्द श्रीवास्तव सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ज्ञानरंजन के निधन पर प्रगतिशील लेखक संघ ने दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**सीधी 9 जनवरी। सुप्रसिद्ध कहानीकार तथा प्रतिष्ठित हिन्दी साहित्यिक पत्रिका पहल के संपादक ज्ञानरंजन के निधन पर प्रगतिशील लेखक संघ इकाई सीधी ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।**



जारी शोक संदेश में अध्यक्ष सोमेश्वर सिंह ने कहा है कि ज्ञानरंजन जी प्रलेस के वरिष्ठ साथी थे। उनके श्रेष्ठ कहानियों के छै संग्रह प्रकाशित हुए हैं। जिसमें उन्होंने कहानियों के नए प्रतिमान रच डाला। कबाड़खाना संस्मरणात्मक संग्रह है। इसके अलावा समय-समय पर उनके व्याख्यानों का संकलन उपस्थिति का अर्थ उल्लेखनीय है। उनके कहानियों का अनुवाद अनेक भारतीय तथा विदेशी भाषाओं में प्रकाशन हुआ है। उनकी कहानियां दुनिया के अनेक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में शामिल हैं। म.प्र. प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष हरिशंकर परसाई के जीवन काल में ज्ञानरंजन जी महासचिव रहे। 1980 में जबलपुर में संपन्न प्रगतिशील लेखक संघ के ऐतिहासिक राष्ट्रीय अधिवेशन का ज्ञानरंजन जी ने कुशलतापूर्वक प्रबंधन किया था। श्रद्धांजलि व्यक्त करने वालों में हिन्दी साहित्य सम्मेलन इकाई सीधी अध्यक्ष प्रो. अनिल सिंह, प्रांतीय सचिव मंडल सदस्य शिवशंकर मिश्रा, सीधी इकाई महासचिव अशोक तिवारी अकेला, अध्यक्ष मंडल सदस्य धीरेन्द्र त्रिपाठी, महेन्द्र सिंह गौतम, जय सिंह गगन, सचिव मंडल सदस्य-संतोष तिवारी, कु.सुष्मिता द्विवेदी, कार्तिकानंद सोनी, कार्यकारिणी सदस्य जगदीश मिश्रा, राजीव चौहान, एसपी द्विवेदी तथा कमलापति गौतम आदि शादी शामिल है।

# वीर बांकुरे शहीद लांस नायक सुधाकर सिंह को अर्पित की गई श्रद्धांजलि

## चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल ने समाधि स्थल पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**सीधी 9 जनवरी। जिले के वीर बांकुरे शहीद लांसनायक सुधाकर सिंह बघेल को उनके बलिदान दिवस पर 8 जनवरी गुरूवार को उनके गृह ग्राम स्थित शहीद स्मारक समाधि स्थल में लोगों ने जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।**

इस दौरान शहीद के पिता सच्चिदानंद सिंह एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीधी तथा शहीद के परिजनों/ग्राम वासियों द्वारा ग्राम डढ़िया तहसील चुरहट स्थित सुधाकर सिंह के समाधि स्थल एवं सुधाकर सिंह शहीद स्मारक पर ससम्मान श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



ज्ञातव्य हो कि शहीद लांस नायक सुधाकर सिंह बघेल 13 राज राइफल्स भारतीय सेना के बहादुर सेनानी थे और 8 जनवरी 2013 को आपरेशन रक्षक के तहत पाकिस्तान सेना से एलओसी पर लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुये थे। इस बलिदान दिवस पर नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल ने शहीद के पिता सच्चिदानंद सिंह एवं परिवार के अन्य सदस्यों से भेंट मुलाकात कर कुशल क्षेम पूंछा तथा साथ मिलकर शहीद को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। उपस्थित होकर पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से सूर्यपाल सिंह राजन, रामपाल सिंह गहरवार, चंद्रमणि पाण्डेय, बैजनाथ सिंह, प्रेम सिंह, कृष्ण प्रताप सिंह बब्बू, राजेश सिंह, रिंकू सिंह व शहीद सुधाकर के परिजन ग्रामवासी शामिल हुए।

### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने जताया आभार

**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में बहरी में आयोजित विभिन्न विभागों के हितग्राहियों के प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम तथा विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह के सफल आयोजन पर जिला प्रशासन द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने कार्यक्रम के सफल संचालन में सहयोग देने वाले समस्त जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों का धन्यवाद किया। पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने सुरक्षा, यातायात एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में लगे पुलिस बल एवं संबंधित सभी विभागों के सहयोग की सराहना की।

### विश्वविद्यालय मांग की टीम पर पुलिस का पहरा

**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के सीधी जिले के बहरी आगमन पर विश्वविद्यालय स्थापना की बात को लेकर छात्र प्रतिनिधि मंडल का मांग पत्र सौंपना था लेकिन पुलिस अधिकारियों का लगातार विश्वविद्यालय मांग के नेतृत्वकर्ता छात्र इंद्रलाल पटेल एवं टीम पर नजर टिकी रही। कई पुलिस अधिकारी फोन एवं अन्य माध्यमों से जानकारी लेती रही कि प्रतिनिधि मंडल के छात्र कृपाशंकर एवं अन्य मुख्यमंत्री से नहीं मिल पाये। पुलिस लगातार समझाइस देती रही। वहीं छात्र इंद्रलाल ने कहा कि सीधी सिंगरौली और शहडोल के ब्यौहरी सहित इतने बड़े क्षेत्र में विश्वविद्यालय न होना अत्यंत चिंतनीय है।

# हार-जीत से परे खिलाड़ी भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करना महत्वपूर्ण : अजय

नवभारत न्यूज

**चुरहट 9 जनवरी। चुरहट विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बरिगवां में मां दुर्गा क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 11 का फाइनल पूर्व नेता प्रतिपक्ष व चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल के मुख्य आतिथ्य में खेल गया। जिसमें 22 दिसम्बर से चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के सीजन 11 क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का फाइनल मैच आज 9 जनवरी को हिनौती और शिवपुरवा टीम के बीच खेला गया। जिसमें शिवपुरवा की टीम विजेता रही और उप विजेता हिनौती रही।**





अजय सिंह राहुल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए इससे आपसी भाईचारा बढ़ता है। क्रिकेट बहुत ही रोमांचक खेल है जिसमें हार जीत होती रहती है। हार-जीत से परे खिलाड़ी भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करना महत्वपूर्ण है। इस बेहतरीन और उत्कृष्ट आयोजन के लिए में आयोजन समित को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। सभी खिलाड़ियों को मेरी शुभकामनाएं हैं।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष व चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल सीधी छत्रसाल स्टेडियम में अखिल भारतीय आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट कुंवर एंड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन 9 में पहुंच कर खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया और उत्कृष्ट आयोजन के लिए आयोजन समिति को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### न्यायपालिका व अधिवक्ता समाज के अधिकारों की अंतिम ढाल

अधिवक्ता संघ चुरहट के नवनिर्वाचित पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय एवं भव्य वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में विधि न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष व चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल रहे। अजय सिंह ने अधिवक्ताओं की भूमिका को लोकतंत्र की रीढ बताते हुए कहा कि न्यायपालिका और अधिवक्ता समाज के अधिकारों की अंतिम ढाल है।

# मुख्यमंत्री का दौरा बना छलावा, जुमले और झूठी घोषणाओं का तमाशा : ज्ञान

नवभारत न्यूज

**सीधी 9 जनवरी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री का सीधी जिले में तीन बार आगमन निरस्त होना और चौथी बार आकर भी जिले को कुछ न देकर लौट जाना यह साबित करता है कि भाजपा सरकार की नजर में सीधी सिर्फ एक राजनीतिक पड़ाव है, विकास की ज़मीन नहीं। यह दौरा नहीं, बल्कि सीधी की जनता के साथ खुला धोखा और विश्वासघात है।**



जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने मुख्यमंत्री के दौरे पर तीखा और आक्रामक हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पूरे लाव-लश्कर के साथ आए, मंच सजा, भाषण दिए गए लेकिन सीधी के हिस्से में सिर्फ हवा-हवाई घोषणाएं और खोखले वादे आए। यह दौरा नहीं बल्कि जनता की उम्मीदों पर कुठाराघात था। ज्ञान सिंह ने कहा कि सीधी में मेडिकल कॉलेज के निर्माण पर मुख्यमंत्री ने एक शब्द भी नहीं बोले और अस्पताल आज भी अव्यवस्था, संसाधनों की कमी और बदहाल संरचना का शिकार है। स्वास्थ्य पर मुख्यमंत्री के मुख से एक शब्द नहीं निकला क्योंकि भाजपा सरकार के लिए गरीब की जान की कोई कीमत नहीं। उन्होंने आगे कहा कि सीधी-सिंगरौली सड़कए जो पूरे अंचल की आर्थिक और औद्योगिक जीवनरेखा है आज भी गड्ढों में तब्दील है। दुर्घटनाएं हो रही हैं, व्यापार चौपट है लेकिन मुख्यमंत्री इस मुद्दे पर पूरी तरह मौन रहे।

श्री सिंह ने कहा कि जहां लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं वहां मुख्यमंत्री को केवल भाषण सूझते हैं। जिले के युवाओं के भविष्य को लेकर भी सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई। न तो नए शिक्षण संस्थानों की घोषणाएं न औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की कोई योजना। युवा बेरोजगार हैं, पलायन कर रहे हैं और मुख्यमंत्री सिर्फ मंच से भाषण देकर चले जाते हैं यह विकास नहींए यह धोखा है। ज्ञान सिंह ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री का यह दौरा विकास के नाम पर राजनीतिक नौटंकी बनकर रह गया।

# सीधी चैलेंज कप सीजन-9 : सीधी इलेवन को हराकर फाइनल में पहुंची समय प्रेस एनएनएस भदोही

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह के मुख्य आतिथ्य में कुंवर एंड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन 9 के छठवें दिन का समय प्रेस एनएनएस भदोही यूपी एवं टाटा कॉलेज सीधी इलेवन के बीच हुआ रोमांचक मैच

नवभारत न्यूज

**सीधी 9 जनवरी। अखिल भारतीय आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट कुंवर एण्ड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन 9 के आज स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम में समय प्रेस एनएनएस भदोही उत्तर प्रदेश और टाटा कॉलेज सीधी इलेवन के मध्य हुए छठवें दिन के मैच में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर हुई और एनएनएस भदोही ने मुकाबले में 2 विकेट से अपनी जीत दर्ज कर फाइनल में पहुंच गई।**

### आज जम्मू-कश्मीर और एलबीएस दिल्ली के बीच होगा मैच





छत्रसाल स्टेडियम सीधी में सीधी चैलेंज कप सीजन 9 के पूल बी का पहला मैच आज आज जम्मू-कश्मीर वारियर्स और एलबीएस दिल्ली के बीच शनिवार को सुबह 10 खेला जाएगा। पूल ए की एक टीम फाइनल में पहुंच चुकी है, इसलिए दोनों ही टीमें जीतने का पूरा प्रयास करेंगी, जिससे यह मैच काफी रोमांचक रहेगा।





आज छठवें दिन के मैच में सुबह छत्रसाल स्टेडियम में अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल के मुख्य आतिथ्य एवं सीधी चैलेंज कप स्पोर्ट समिति के अध्यक्ष डॉ.अनूप मिश्रा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह द्वारा सीधी इलेवन के फ्रेंचाइजी इंजीनियर आर.बी.सिंह और समय प्रेस एनएनएस भदोही उत्तर प्रदेश के फ्रेंचाइजी कुशाग्रपति त्रिपाठी की गरिमामय उपस्थिति में दोनों टीमों के कप्तानों द्वारा किया गया। टॉस जीतकर भदोही उत्तर प्रदेश ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए टाटा कॉलेज सीधी इलेवन की टीम ने 27.2 ओवर में 161 रनों का लक्ष्य एनएनएस भदोही के सामने रखा। जबावी पारी में एनएनएस भदोही शुरुआती ओव्हर से ही अच्छा प्रदर्शन करते हुए 8 विकेट के नुकसान पर इस मैच को अपने नाम किया और टाटा कॉलेज सीधी इलेवन को टूर्नामेंट से बाहर किया। एनएनएस भदोही की तरफ से सलमान अली द्वारा शानदार बल्लेबाजी करते हुए 7 चौकों और एक छक्के की मदद से 40 रन बनाएं और टीम के कप्तान मोहम्मद उमर 7 ओवर में मात्र 37 रन देकर 3 विकेट झटके। आज के मैच में अंपायर के रूप में राकेश सिंह चंदेल और जितेन्द्र गुप्ता रहे। स्कोरर बी कृष्ण कुमार व हर्ष गुप्ता रहे।

### मोहम्मद उमर बने प्रताप मार्बल मैन ऑफ द मैच





सीधी चैलेंज कप सीजन 9 का छठवां मैच समय प्रेस एनएनएस भदोही उत्तरप्रदेश और टाटा कॉलेज सीधी इलेवन के बीच खेला गया। यह मैच प्रारंभ से ही काफी रोमांचक रहा, रोमांचक मुकाबले में एनएनएस भदोही को जीत मिली। एनएनएस भदोही के खिलाड़ी मोहम्मद उमर जिन्होंने 7 ओवर में मात्र 37 रन देकर 3 विकेट झटके को आज के गेस्ट ऑफ ऑनर नीरज शर्मा कमला कॉलेज, एनएनएस भदोही टीम के फ्रेंचाइजी कुशाग्रपति त्रिपाठी, राकेश सिंह और अजय सिंह बघेल झलवार की गरिमामय उपस्थिति में मैन ऑफ द मैच प्रताप मार्बल की ओर से दिया गया।